DAINIK BHASKAR, Surat, 12.6.2023
Page No. 2, Size:(17.82)cms X (14.91)cms.

बुलेट रेल प्रोजेक्टः अब तक 64 किमी रूट पर वायडक्ट बन चुका

200किमी रूट में पिलर तैयार, इसमें से 100 किमी के पिलर 7 माह में खड़े किए

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत



मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेल परियोजना को लेकर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरिडोर लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) और रेल मंत्रालय ने जानकारी साझा की है। इसमें बुलेट रेल परियोजना के निर्माण को लेकर 10 जून तक की ताजा स्थिति बताई है। इसमें बताया है कि 10 जून तक हाई स्पीड रेल परियोजना के 200 किमी रूट पर पिलर तैयार कर लिए गए हैं। पिछले 7 महीने में यानी नवंबर से लेकर अब तक 100 किमी रूट के पिलर बनाए गए। 31 अक्टूबर 2022 तक कुल 100 किमी रूट पर पिलर तैयार किए गए थे। उसके बाद नवंबर 2022 से 10 जून 2023 तक 100 किमी के पिलर बनाए गए। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर में गुजरात के हिस्से के 342 किमी रूट के 298 किमी में पाइलिंग का काम हो चुका है। 64 किमी रूट पर वायडक्ट के लिए गर्डर भी लॉन्च कर दिए गए हैं।

RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 12.6.2023
Page No. 2, Size:(5.58)cms X (13.78)cms.

मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड परियोजना

64 किमी वायडक्ट और 200 किमी पियर का निर्माण पूरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. देश में रेलवे की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बड़ी तेजी से सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत को चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना ने अब रफ्तार पकड़ ली है। एनएचएसआरसीएल ने 9 जून तक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में मेन लाइन के कुल 342 में से 64 किलोमीटर वायडक्ट गर्डर की लॉन्चिग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

भारत की पहली लगभग 1 लाख 8,000 करोड़ रुपए की मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (एमएएचएसआर) को अगस्त 2026 तक सूरत-बिलिमोरा लगभग 63 किमी के बीच ट्रायल रन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पूरे 508 किमी लंबे मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर, जिसमें महाराष्ट्र में 156 किमी और गुजरात में 352 किमी शामिल है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अनुसार, बुलेट ट्रेन परियोजना में मेन लाइन का 64 किमी वायडक्ट में में स्टेशनों और पुलों को छोड़कर कार्य किया गया है। वहीं, 298 किमी पाइल और 200 किमी पियर वर्क भी पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सात माह में 100 किमी पियर का कार्य पूरा करने की उपलब्धि हासिल की गई है।

मुंबई-अहमदाबाद की दूरी 2 घंटे में

बुलेट ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी और मुंबई-अहमदाबाद के बीच की पूरी दूरी को दो घंटे 7 मिनट में तय करेगी। यह गुजरात के आठ जिलों, महाराष्ट्र के तीन जिलों और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव से होकर गुजरेगी। बुलेट ट्रेन एक दर्जन स्टेशनों मुंबई-बीकेसी, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरुच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती स्टेशनों पर रुकेगी।

SANDESH, Surat, 12.6.2023
Page No. 16, Size:(20.49)cms X (13.49)cms.

Bullet Train - Pillars were erected in 100 km in just seven months

298 કિ.મી.માં પાઈલ, 200 કિ.મી.માં પિલરની કામગીરી પૂર્ણ

બુલેટ ટ્રેન.. માત્ર સાત મહિનામાં જ 100 કિ.મી.માં પિલર ઊભા કરાયા

। સુરત ।

બુલેટ ટ્રેનની કામગીરી બુલેટ ગતિએ આગળ ધપી રહી છે. જેમ જેમ કામગીરીનો અનુભવ થઈ રહ્યો તેમ તેમ કામગીરીમાં ઝડપ આવી રહી છે. ખાસ કરીને વીતેલા ૭ મહિનામાં ૧૦૦ કિલોમીટર વિસ્તારમાં પિલર ઊભા કરવાની કામગીરી પૂર્ણ કરી દેવામાં આવી છે. જ્યારે અત્યાર સુધીમાં ૨૯૮ કિ.મી.માં પાઈલ વર્ક, ૨૦૦ કિ.મી.માં પિલર અને ૬૪ કિ.મી.માં ગર્ડર મૂકવાની કામગીરી પૂર્ણ કરી દેવામાં આવી છે. આ સાથે જ રેલવે સ્ટેશનના સિવિલ વર્કની કામગીરી પણ આરંભ કરી દેવામાં આવી છે.

ગુજરાતમાં બુલેટ ટ્રેનની કામગીરી ખૂબ જ ઝડપથી આગળ ધપી રહી છે. તેમાં પણ સુરતથી બીલીમોરા વચ્ચેનો રૂટ સૌપ્રથમ ચાલું કરવાનો ટાર્ગેટ હોવાથી આ વિસ્તારમાં બુલેટ ગતિએ કામગીરી આગળ વધી રહી છે. ચોમાસાની સિઝમાં કામગીરી અટકે નહીં તે માટે મોટાભાગના વિસ્તારમાં પિલરની કામગીરી જમીનથી ઉપર લઈ આવવામાં આવી છે. જેથી કરીને ચોમાસાની સિઝનમાં ખોદકામ નહીં થાય તો આવા સમયે જમીનથી ઉપરના પિલરની કામગીરી કરી ગર્ડર મૂકવાની કામગીરી કરી શકાય. બુલેટ ટ્રેનની કામગીરીમાં હાલ નવો લેન્ડમાર્ક હાંસિલ કર્યો છે. માત્ર ને માત્ર સાત મહિનામાં જ ૧૦૦ કિ.મી. સુધીમાં પિલર ઊભા કરી દેવામાં આવ્યા છે.